# उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (नैनीताल)

## उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन प्रोत्साहन योजना – 2026 हेतु दिशा निर्देश

उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन प्रोत्साहन योजना – 2026 के अंतर्गत उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के समस्त विषयों के स्थायी व अस्थायी प्राध्यापकों को अपने शोध कार्यों को उच्च गुणवत्तापरक शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित करने हेतु निम्नानुसार दिशा- निर्देश निर्गत किये जाते है –

1. यह योजना विश्वविद्यालय की "उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन प्रोत्साहन योजना" कहलायेगी |
2. "उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन प्रोत्साहन योजना – 2026" 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी |
3. "उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन प्रोत्साहन योजना – 2026" हेतु केवल वही शोध पत्र मान्य होंगे जो प्रथम एवं द्वितीय लेखक या संवाद लेखक (Corresponding Author) के रूप में विश्वविद्यालय के नाम से प्रकाशित किए गए हों |
4. **उद्देश्य –**

   उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन प्रोत्साहन योजना विश्वविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों(स्थायी एवं अस्थायी) को शोध के प्रति आकर्षित करने, विश्वविद्यालय में गुणवत्तापरक शोध को बढ़ावा देने, उत्कृष्ट शोध हेतु प्राध्यापकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अंगीकृत की गई है |
5. **प्राध्यापकों हेतु पात्रता मापदण्ड –**

   i. एबीडीसी (ऑस्ट्रेलियन बिज़नस डीन्स काउंसिल) क्वालिटी लिस्ट में सूचीबद्ध शोध पत्रिकाओं में प्रकाशन होने पर प्राध्यापक इस योजना अंतर्गत पात्र होंगे |

   ii. प्राध्यापकों द्वारा स्कोपस इंडेक्स शोध पत्रिकाओं में प्रकाशन किये जाने पर इस योजना अंतर्गत पात्र होंगे |

   iii. प्राध्यापकों द्वारा एस०सी०आई(SCI) इंडेक्स शोध पत्रिकाओं में प्रकाशन किये जाने पर इस योजना अंतर्गत पात्र होंगे |

iv. प्राध्यापकों द्वारा वेब ऑफ़ साइंस(WoS) इंडेक्स शोध पत्रिकाओं में प्रकाशन किये जाने पर इस योजना अंतर्गत पात्र होंगे |

v. प्राध्यापकों द्वारा NAAS रेटिंग व A++ विश्वविद्यालयों और कॉलेजों/समतुल्य संस्थानों द्वारा प्रकाशित प्रसिद्ध पत्रिकाओं में प्रकाशन किये जाने पर इस योजना अंतर्गत पात्र होंगे |

6. **प्रोत्साहन पुरस्कार** – प्राध्यापकों द्वारा प्रकाशित शोध पत्र एबीडीसी (ऑस्ट्रेलियन बिज़नस डीन्स काउंसिल) क्वालिटी लिस्ट में होने तथा स्कोपस इंडेक्स, एस०सी०आई(SCI) इंडेक्स एवं वेब ऑफ़ साइंस(WoS) इंडेक्स एवं अन्य इंडेक्स के शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित होने पर निम्नानुसार उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन प्रोत्साहन पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा –

   i. एबीडीसी (ऑस्ट्रेलियन बिज़नस डीन्स काउंसिल) क्वालिटी लिस्ट में तथा स्कोपस इंडेक्स, एस०सी०आई(SCI) इंडेक्स एवं वेब ऑफ़ साइंस(WoS) इंडेक्स के शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित होने पर प्रत्येक शोध पत्र के लिए 10000 रूपये मात्र (दस हजार मात्र ) की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी |

   ii. NAAS रेटिंग व A++ विश्वविद्यालयों और कॉलेजों/समान संस्थानों द्वारा प्रकाशित प्रसिद्ध पत्रिकाओं में प्रकाशित होने पर प्रत्येक शोध पत्र के लिए 8000 रूपये मात्र (आठ हजार मात्र) की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी |

   iii. उपरोक्त शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध पत्र में विश्वविद्यालय के एक से अधिक लेखक होने की स्थिति में उसी अनुपात में शोध प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जायेगा |

7. **मुख्य शोध क्षेत्र (Major Research Areas):** विश्वविद्यालय के समग्र दृष्टिकोण के अनुरूप अंतःविषयक (Interdisciplinary) एवं बहुविषयक (Multidisciplinary) शोध कार्यों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा । **राज्य-विशिष्ट चुनौतियों तथा मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा में हो रहे नवाचारों से सम्बन्धित शोध को प्राथमिकता दी जाएगी** | इस योजना के अंतर्गत शोध पत्र निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित होने चाहिए।

   **i.** सतत विकास एवं पर्यावरण (Sustainable Development and Environment)

   **ii.** कृषि, ग्रामीण विकास एवं आजीविका (Agriculture, Rural Development and Livelihoods)

   **iii.** शिक्षा, मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा तथा डिजिटल शिक्षण (Education, Open & Distance Learning and Digital Pedagogy)

   **iv.** शासन, नीतियाँ एवं लोक प्रशासन (Governance, Policy and Public Administration

   **v.** स्वास्थ्य, कल्याण एवं सामाजिक विज्ञान (Health, Wellbeing and Social Sciences)

- **vi.** पर्यटन, संस्कृति एवं धरोहर (Tourism, Culture and Heritage Studies)
- **vii.** उद्यमिता, उद्योग एवं कौशल विकास (Entrepreneurship, Industry and Skill Development)
- **viii.** विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार (Science, Technology and Innovation)
- **ix.** अर्थशास्त्र, वाणिज्य एवं प्रबंधन अध्ययन (Economics, Commerce and Management Studies)
- **x.** आध्यात्मिकता, नैतिकता एवं हिमालय अध्ययन (Spirituality, Ethics and Himalayan Studies)
- **xi.** प्रदर्शन कला और संगीत (Performing Arts & Music)

**8. आवेदन प्रक्रिया** – सम्बन्धित प्राध्यापक द्वारा प्रकाशित शोध पत्र की प्रति, प्रकाशन का प्रमाण (DOI/URL), और पत्रिका की इंडेक्सिंग जानकारी सहित आवेदन शोध एवं नवाचार निदेशालय को गूगल फॉर्म के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा | आवेदन निदेशक की अनुशंसा सहित होना आवश्यक है।

9. **बाह्य विशेषज्ञों के पैनल का गठन- शोध एवं नवाचार निदेशालय** सभी विभागों को यह अनुरोध करेगा कि वे अपने-अपने विद्याशाखा के निदेशक के माध्यम से संबंधित विषयों के बाह्य विशेषज्ञों का एक पैनल (Panel of Experts) प्रेषित करे | संबंधित विभागों के निदेशकों द्वारा संकलित एवं विधिवत हस्ताक्षरित अनुशंसित विशेषज्ञों की सूची शोध एवं नवाचार निदेशालय को प्रस्तुत की जाएगी | निदेशालय द्वारा प्रारंभिक जांच एवं सत्यापन के उपरांत यह सूची माननीय कुलपति महोदय को समिति के सदस्यों के अंतिम नामांकन और अनुमोदन हेतु प्रेषित की जाएगी | माननीय कुलपति, यदि आवश्यक समझें, तो प्रस्तुत सूची के अतिरिक्त अन्य किसी विशेषज्ञ को भी समिति में नामित कर सकते हैं |

10. **मूल्यांकन पैनल -** माननीय कुलपति महोदय द्वारा बाह्य विशेषज्ञों की सूची के अनुमोदन उपरांत, शोध एवं नवाचार निदेशालय संबंधित पैनल को औपचारिक रूप से सूचित करेगा । यह पैनल पत्रिका की प्रामाणिकता, शोध कार्य की मौलिकता, पद्धति की वैज्ञानिकता तथा समग्र गुणवत्ता की पुष्टि करेगी । पैनल की अनुशंसा प्राप्त होने के पश्चात ही शोध पत्र हेतु प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की जाएगी । पैनल में निम्न सदस्य होंगे –

- i. सम्बन्धित विषय विशेषज्ञ – 1
- ii. शोध पद्धति विशेषज्ञ – 1
- iii. निदेशक, शोध – 1
- iv. निदेशक, अकादमिक – 1

विभिन्न विभागों से प्राप्त शोध पत्र की प्रति, प्रकाशन का प्रमाण (DOI/URL), और पत्रिका की इंडेक्सिंग जानकारी सहित आवेदन शोध एवं नवाचार निदेशालय द्वारा पैनल के सदस्यों को मेल के माध्यम से प्रेषित किया जायेगा |

11. इस योजना के अंतर्गत पात्र प्राध्यापकों द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में प्रकाशित अपने न्यूनतम- 1तथा अधिकतम-3 तीन सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र हेतु ही आवेदन स्वीकार्य होगा तथा एक बार शोध पत्र पुरस्कार हेतु आवेदन के पश्चात पुन: उसी शोध पत्र के लिए आवेदन नहीं किया जायेगा | **शोध पत्र पुरस्कार योजना का लाभ लेने हेतु प्राध्यापक को प्रकाशन की तिथि से 01 वर्ष के भीतर आवेदन करना होगा** |

12. **मूल्यांकन मानदंड (Evaluation Criteria):**

| क्रम संख्या | मूल्यांकन बिंदु | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1. | पत्रिका का स्तर | 20 |
| 2. | लेखन कौशल/विषयवस्तु/भाषा | 20 |
| 3. | शोध की मौलिकता एवं नवाचार | 25 |
| 4. | पद्धति की वैज्ञानिकता | 20 |
| 5. | संदर्भ एवं उद्धरण गुणवत्ता | 5 |
| 6. | क्षेत्रीय /सामाजिक/ राष्ट्रीय उपयोगिता | 10 |
| | **कुल अंक** | **100** |

पैनल द्वारा 70 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले शोध पत्र को "उत्कृष्ट" श्रेणी में माना जायेगा और प्रोत्साहन हेतु अनुसंशित किया जायेगा | पैनल के सभी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किये गये अंकों का औसत निकाल कर अंतिम मेरिट तैयार की जाएगी | अंतिम मेरिट सूची में **शीर्ष 10 शोध पत्रों** को पुरस्कार हेतु अनुसंशित किया जायेगा | पैनल का निर्णय अंतिम व बाध्यकारी माना जायेगा |

13. **उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन प्रोत्साहन योजना** के अंतर्गत देय पुरस्कार राशि प्राध्यापकों के लिए व्यक्तिगत पुरस्कार राशि होगी जो उनके द्वारा उपलब्ध कराए गये खाते में हस्तांतरित की जाएगी तथा उक्त राशि पर नियमानुसार कर देय होगा |

14. **अकादमिक कैलेंडर के अनुरूप समय-सारिणी (Timeline as per Academic Calendar):**

| गतिविधि | समयावधि | सम्बन्धित इकाई |
|---|---|---|
| योजना की घोषणा | 1 जनवरी 2026 | शोध एवं नवाचार निदेशालय |
| शोध लेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 31 दिसम्बर 20XX | प्राध्यापकगण |
| मूल्यांकन समिति की बैठक | जनवरी 20XX | मूल्यांकन समिति |

**उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन प्रोत्साहन योजना- 2026 हेतु दिशा निर्देश**

| | | |
|---|---|---|
| अंतिम चयन सूची | फ़रवरी 20XX | मूल्यांकन समिति |
| पुरस्कार धनराशि का वितरण | मार्च 20XX | लेखा विभाग |

प्रत्येक वर्ष जनवरी से दिसंबर की अवधि में के बीच प्रकाशित शोध पत्र ही **उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन प्रोत्साहन योजना** के अंतर्गत मान्य माने जाएंगे।

**नोट : दिशानिर्देशों में किसी भी प्रकार का संशोधन आवश्यकतानुसार सक्षम अधिकारी/ प्राधिकारी तथा माननीय कुलपति महोदय की स्वीकृति के बाद से किया जायेगा |**